बरेली मंडल में बनेंगे 52 अन्नपूर्णा स्टोर

चर्चा में क्यों?

17 मई, 2023 को बरेली विकास प्राधिकिरण (बीडीए) के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने बताया कि बरेली मंडल में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 52 अन्नपूर्णा स्टोर बनाए जाएंगे, जहाँ रोजमर्रा की ज़रूरतों से संबंधित 40 प्रकार के सामान जनता को उपलब्ध कराए जाएंगे।

प्रमुख बिंदु

- खाद्य एवं रसद विभाग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी, बरेली की मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, बरेली विकास प्राधिकिरण (बीडीए) के उपाध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने मंडल में बनाए जा रहे 52 अन्नपूर्णा स्टोर्स का मॉडल मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया।
- स्टोर में उचित दर की दुकान एवं जन सुविधा केंद्र होगा, जिसे अन्नपूर्णा स्टोर का नाम दिया गया गया है। गाँव के पंचायत भवनों में इसका निर्माण होगा।
- स्टोर 52 वर्गमीटर में होगा, जिसके सामने 4 फीट चौड़ा बरामदा/प्रतीक्षा शेड होगा। एक भाग में उचित दर की दुकान होगी। इसमें 200 क्विंटल खाद्यान्न रखने की व्यवस्था होगी। स्टोर के दूसरे भाग में जन सुविधा केंद्र एवं जनरल स्टोर का संचालन किया जाएगा। दुकान में ई-पास मशीन भी होगी।
- अन्नपूर्णा स्टोर के जनसुविधा केंद्र से आय, जाति, जन्म, निवास प्रमाण-पत्र, आधार, पेंशन व अन्य सेवाएँ मिलेंगी। विभिन्न प्रकार के बिल जमा किये जा सकेंगे। जनरल स्टोर में पाँच किलोग्राम वाले एलपीजी सिलिंडर, ई-स्टांप, अग्निशमन यंत्र मिलेंगे। माइक्रो एटीएम, बीसी सखी आदि की सेवाएँ भी मिलेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/52-annapurna-stores-to-be-built-in-bareilly-division

दृष्टि The Vision